सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 218 | इंदौर, शनिवार 22 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मोदी के रूट पर 1500 घर, मेहमानों की सूचना देनी होगी

## भोपाल पुलिस की हिदायत- पीएम का काफिला गुजरने के दौरान छतों-खिड़कियों से न झांके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (GIS) में शामिल होने राजा भोज एयरपोर्ट पर 23 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे भोपाल आएंगे। एयरपोर्ट से राज भवन तक का रास्ता करीब 13.8 किलोमीटर का है। इसे 19 मिनट में तय किया जाएगा। मुख्य मार्ग के आसपास बने मकानों में रहने वाले लोगों को पीएम के काफिले के गुजरने के वक्त ताक-झांक न करने की हिदायत दी जा रही है। मेहमानों के आने पर पुलिस को सूचना देना है।**

इस मुख्य मार्ग में 1500 से अधिक मकान, होटल, लॉज और धर्मशाला हैं। पीएम की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस यहां रहने वाले 10 हजार से अधिक लोगों का वेरिफिकेशन कर चुकी है। उन्हें बताया गया है कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान जो लोग घर में रहेंगे, वे सड़क पर नहीं आएं। किसी को भी छतों पर खड़े रहने और खिड़कियों से झांकने की इजाजत नहीं होगी।

पीएम मोदी का काफिला 5 थाना क्षेत्रों की सीमाओं से गुजरेगा। जिसमें गांधी नगर, कोहेफिजा, तलैया, श्यामला हिल्स और अरेरा हिल्स थाना शामिल हैं। पीएम मोदी के गुजरने वाले मार्ग में सबसे ज्यादा इलाका कोहेफिजा थाने का होगा। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी पहली बार भोपाल में 23 घंटे तक रहेंगे। राज भवन में वह रात गुजारेंगे।

कोहेफिजा थाने के टीआई बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि एयरपोर्ट रोड से लालघाटी, वीआईपी रोड राजा भोज प्रतिमा तक मेरा थाना क्षेत्र है। यहां से पीएम के काफिले का गुजरना प्रस्तावित है। इन तमाम सड़कों पर सैकड़ों घर, होटल, धर्मशाला और व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं।

हम मुख्य मार्ग से 50 मीटर अंदर तक बने घरों में रहने वाले लोगों की जानकारी जुटा रहे हैं। इन घरों में रहने वालों के पुलिस वेरिफिकेशन कराए जा रहे हैं। हलालपुरा बस स्टैंड और आसपास बने होटलों में भी लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। होटल-लॉज में ठहरे संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। टीआई ने बताया- परिवारों से मुलाकात कर हिदायत दी जा रही है कि पीएम के काफिले के गुजरने के समय ताक झांक न करें। परिवार में किसी भी मेहमान के आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। हमारे थाना क्षेत्र में अब तक 1200 से अधिक परिवारों के वेरिफिकेशन किए जा चुके हैं।



### हाइराइज इमारतों में रहने वालों का भी वेरिफिकेशन

पीएम के गुजरने वाले सभी रास्तों के आसपास बनी हाइराइज इमारतों में रहने वाले परिवारों का भी वेरिफिकेशन किया जा रहा है। यहां रहने वाले परिवारों का डेटा तैयार किया जा रहा है। पुलिस यहां की सोसाइटी के जिम्मेदारों से मुलाकात कर हिदायत दे रही है कि पीएम काफिला गुजर के समय इन बिल्डिंग्स की छत पर कोई भी खड़ा न हो।

### दूरबीन से निगरानी, ड्रोन उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित

13.8 किलोमीटर के पूरे मार्ग पर पड़ने वाली तमाम हाइराइज बिल्डिंग्स पर जिला पुलिस के जवानों की तैनाती रहेगी। पुलिस के जवान दूरबीन से आसपास होने वाली हर गतिविधि की निगरानी करेंगे। इस पूरे रास्ते पर 48 घंटे के लिए ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था, 500 से ज्यादा CCTV कैमरे

वीवीआईपी के लिए थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। पहली लेयर में एसपीजी कमांडों, दूसरी लेयर में आईपीएस और तीसरी लेयर में सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान 25 आईपीएस सहित करीब साढ़े पांच हजार पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। इसकी निगरानी एडीजी स्तर के अधिकारी करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को अधिक पुख्ता करने लिए एक दर्जन ड्रोन और 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे कार्यक्रम स्थल से लेकर शहर के चप्पे-चप्पे की निगरानी करेंगे। कार्यक्रम स्थल और एयरपोर्ट पर ड्रोन बैन रहेगा। पीएम मोदी के अलावा करीब दो दर्जन देशों के राजनयिक और दर्जन भर से अधिक देशों के उद्योगपति भी भोपाल आने वाले हैं।

---

◆ खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा

## चोखी ढाणी के बाफले अमानक

**अरिहंत और नमन के नमकीन, सच्चा साबू और पान विलास मसाला में भी मिलावट**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खंडवा रोड के चोखी ढाणी के बाफले अमानक पाए गए हैं। यह खुलासा खाद्य विभाग की जांच रिपोर्ट में हुआ है। अपर कलेक्टर गौरव बैनल ने चोखी ढाणी पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसी तरह अरिहंत और नमन के नमकीन, सच्चा साबू और पान विलास मसाला को भी मिस ब्रांड माल बेचने के मामले में दोषी माना है।

खाद्य विभाग ने चार माह में 26 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की है। सभी पर अपर कलेक्टर कोर्ट ने 22 लाख रुपए की पैनल्टी लगाई है। खाद्य विभाग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पान मसाला बनाने वाली नामी कंपनी गाडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड का पान विलास प्रीमियम पान मसाला भी मानकों पर सही नहीं निकला है। इस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। लसूड़िया मोरी स्थित गोडाउन से सच्चा साबू का मिलावटी पोहा मिला है। इस पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। इसके अलावा पेपे न्यूट्रीशियन प्रा.लि. और कोको डिवीजन ऑफ वीजे जिंदल से मिलावटी कोको पावडर मिलने पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। चार महीने पहले खाद्य विभाग ने चोखी ढाणी से दाल-बाफले सहित अन्य खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए थे। रेस्टोरेंट में बाफले शुद्ध घी में बनाना बता रहा था, लेकिन जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि वह उसमें लूज घी के साथ तेल की मिलावट भी थी। खाद्य विभाग के मुताबिक घी के साथ तेल मिलाया जाना प्रतिबंधित है। नमन सेव भंडार द्वारा वेफर्स, साबुदाना, खट्टा मीठा मिक्सचर, रतलामी सेव भी मिस ब्रांडेड मिला है। इस पर 80 हजार रूपए जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार अरिहंत नमकीन की उज्जैनी सेव भी मिस ब्रांडेड मिलने पर 80 हजार रुपए जुर्माना लगाया। होटल फेयरफील्ड बाय मेरियट से खाद्य विभाग द्वारा लिए गए पनीर और दही के सैंपल भी जांच में अमानक निकले हैं। होटल द्वारा ना केवल दोनों अवमानक खाद्य पदार्थ का निर्माण किया जा रहा था, बल्कि इसको स्टोर भी किया जा रहा था। होटल पर 1 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

---

**मध्यप्रदेश का मार्च में पेश होने वाला बजट 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक का होगा**

## सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं रखेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार का मार्च में पेश होने वाला बजट 4 लाख करोड़ रुपए से अधिक का होगा। सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने में कोई कमी नहीं रखेगी। उद्योगपतियों की यह जिम्मेदारी है कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में आने वाले देश विदेश के उद्योगपतियों की मेहमान नवाजी का पूरा ध्यान रखें।

सीएम हाउस के समत्व भवन में उद्योगपतियों को प्रोत्साहन राशि वितरण करने के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विक्रमादित्य के शासन काल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अपने शासन काल में प्रजा के सारे कर्ज खत्म कराए। भर्तृहरि गुफा के पास उज्जैन में ऋण मुक्तेश्वर महादेव हैं जो उनके दौर के महादेव हैं। विक्रमादित्य में यही खासियत थी कि वे इतना धन रखते थे कि न सिर्फ लोगों का कर्ज खत्म किया बल्कि उसके बाद की जिम्मेदारी भी संभाली। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि अफसरों की और योग्यता की कमी नहीं है बल्कि व्यक्ति को परखने की कमी है। उन्होंने अजीत डाभोल का उदाहरण करते हुए कहा कि डाभोल तो रिटायरमेंट के बाद घर बैठे थे और उन्हें सुरक्षा सलाहकार बनाकर उनकी योग्यता का लाभ लेने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। सुयोग्य लोगों का संयोजन करने का काम पीएम मोदी कर रहे हैं। सीएम यादव ने कहा कि एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई बैठक में अलग-अलग राज्यों के बजट की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि एमपी सरकार का पिछली बार का बजट साढ़े तीन लाख करोड़ का रहा है जबकि साढ़े तीन लाख करोड़ इस साल खर्च हुए हैं।

### जीपीएफ के अंतिम भुगतान की प्रक्रिया हुई ऑनलाईन

# शासकीय सेवक को सेवानिवृत्ति पर शीघ्र मिल सकेगा जीपीएफ का पैमेंट

- महालेखाकार कार्यालय को भौतिक रूप से प्रकरण भेजने की नहीं है आवश्यकता
- जीपीएफ के अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाईन व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षण सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की वर्तमान व्यवस्था के स्थान पर जीपीएफ के अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाईन व्यवस्था प्रदेश में लागू की गई है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार उक्त नवीन व्यवस्था की जानकारी देने के लिये आज ई-दक्ष केन्द्र सेटेलाईट भवन में जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कोषालय कार्यालय के प्रोग्रामर श्री मनीष दुबे ने जीपीएफ के अंतिम भुगतान की ऑनलाईन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सुश्री मोनिका कटारे, सहायक कोषालय अधिकारी श्री मनोज वर्मा एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

प्रशिक्षण में प्रोग्रामर श्री मनीष दुबे ने बताया कि कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा के निर्देशानुसार आईएफएमआईएस साफ्टवेयर पर सामान्य भविष्य निधि के अंतिम रूप से भुगतान हेतु नवीन व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था आज से ही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अब तक जीपीएफ के अंतिम भुगतान की स्वीकृति एवं प्राधिकार पत्र जारी करने के लिये महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर को भौतिक रूप से प्रकरण तैयार कर भेजना होता था, अब हार्डकापी भेजने की आवश्यकता नहीं है। सेवानिवृत्ति के चार माह पूर्व जीपीएफ कटौत्रा बंद होते ही आईएफएमआईएस में जीपीएफ फाइनल पैमेंट का ऑप्शन इनेबल हो जायेगा। आईएफएमआईएस में जीपीएफ पासबुक, जीपीएफ स्लीप आदि आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर प्रकरण ऑनलाईन सब्मिट करना होगा। प्रकरण ऑनलाईन महालेखाकार कार्यालय के पास चला जायेगा। महालेखाकार कार्यालय द्वारा ऑनलाईन ही प्रकरण की जाँच की जाकर प्राधिकार पत्र जारी कर दिया जायेगा, जो कि ऑनलाईन ही संबंधित कार्यालय के डीडीओ को प्रदर्शित होने लगेगा। जिसके बाद अन्य क्लेमों की तरह जीपीएफ के क्लेम का भी भुगतान किया जा सकेगा। इस नवीन व्यवस्था से शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति पर शीघ्र ही जीपीएफ राशि का फाइनल पैमेंट प्राप्त हो सकेगा।

## दुधिया में बनेगा तीन करोड़ रुपये लागत का नया अस्पताल भवन विधायक श्री मधु वर्मा ने किया भूमिपूजन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर शहर के समीप ग्राम दुधिया में लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन बनाया जाएगा। राऊ विधानसभा क्षेत्र में स्थित यह अस्पताल 8 बिस्तरों की क्षमता का रहेगा। इसका भूमिपूजन यहां विधायक श्री मधु वर्मा ने किया।

इस नवीन भवन के साथ ही चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाप के लिए आवास गृह भी बनाये जायेंगे। यह आवास गृह जी और एच टाईप के रहेंगे। उक्त निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के भवन शाखा द्वारा किया जाएगा। उक्त कार्य की लागत 2 करोड़ 95 लाख रुपये से अधिक है। यह कार्य 8 माह में पूर्ण होगा। अस्पताल में महिला एवं पुरूषों के लिए पृथक-पृथक वार्ड होंगे। प्रत्येक वार्ड में चार-चार बिस्तर रहेंगे। अस्पताल में माईनर ओ.टी., लेबर रूम, ऑफिस, स्टोर, प्रयोगशाला, मेडिकल ऑफिसर चेम्बर, महिला एवं पुरुषों के लिये पृथक-पृथक शौचालयों की व्यवस्था रहेगी। भूमिपूजन अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री रवि रावलिया तथा लोक निर्माण विभाग पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री अजय यादव सहित अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## पीएससी की मुख्य परीक्षा का दिया जायेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 2025 की मुख्य परीक्षा की नि:शुल्क कक्षाएँ 17 मार्च से प्रारंभ की जायेंगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र अभ्यर्थियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 07 मार्च 2025 तक कार्यालयीन समय में आवेदन मंगाये गए हैं। यह आवेदन शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ए.बी. रोड़ में जमा किये जा सकते हैं। इसके लिए केवल वे ही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है, जिन्हें 2025 की प्रारंभिक परीक्षा में अपेक्षित उत्तीर्णांक प्राप्त होने की संभावना है।

# अमानक दवाओं से गई मरीजों की जान, डॉक्टरों ने किया विरोध प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में सरकारी डॉक्टर्स ने बड़ा खुलासा किया है। इंदौर में आयोजित विरोध प्रदर्शन में कई संगठनों के डॉक्टर्स ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में अमानक स्तर की दवाएं भेजी जा रही हैं, जिससे कई मरीजों की जान चली गई। डॉक्टरों को जब शक हुआ तो उन्होंने इसकी शिकायत की और बाद में इस मामले की जांच भी हुई। जांच के बाद इस पूरे मामले को दबा दिया गया और आरोपियों को बचा लिया गया।**



इंदौर में एमटीए, जेडीए और मेडिकल ऑफिसर्स मेडिकल एजुकेशन ने विरोध प्रदर्शन किया और प्रतीकात्मक रूप से दवाओं को जलाया। विरोध प्रदर्शन में पहुंचे डॉक्टरों ने कहा कि अमानक दवाओं के मामले में कई कंपनियों के नाम सामने आए, लेकिन सरकार ने इन कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करवाई। डॉ. राहुल रोकड़े और डॉ. अशोक ठाकुर ने कहा कि मरीजों की मौत पर परिजन डॉक्टरों से मारपीट करते हैं। हम कब तक ये सब सहन करते रहेंगे? इतना बड़ा घोटाला हुआ और किसी पर भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सरकार न तो डॉक्टरों को सुरक्षा दे रही है और न ही व्यवस्था में सुधार कर रही है। यदि इसी तरह से चलता रहा तो डॉक्टरों के लिए काम करना मुश्किल हो जाएगा। विरोध प्रदर्शन में आए डॉक्टरों ने कहा कि आज के युवा डॉक्टर सरकारी नौकरी नहीं करना चाहते। वे पढ़-लिखकर सीधे विदेश चले जाते हैं। देश की स्वास्थ्य सेवाएं कमजोर होती जा रही हैं और सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। यदि यही हालात जारी रहे तो आने वाले समय में गरीब लोगों को इलाज मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। डॉक्टरों ने कहा कि आयुष्मान योजना में मरीजों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं और प्राइवेट अस्पतालों को इलाज का भुगतान नहीं किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल में मरीज के आने के बाद उसे हर तरह का इलाज तुरंत मिल जाता है, लेकिन सरकार आयुष्मान के नाम पर सरकारी अस्पतालों को बंद करने की सोच रही है, जो पूरी तरह से असफल योजना साबित होगी। इससे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी।

# बिना परमिट चल रही स्कूली बसों पर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में नियम विरुद्ध चल रही स्कूली बसों पर कार्रवाई की गई है। आरटीओ ने स्कूली बसों में स्पीड गवर्नर और दस्तावेज चेक किए। महू की जयसंस एकेडमी की तीन बसें बिना फिटनेस के चल रही थीं। तीनों को जब्त कर आरटीओ में खड़ा कर दिया है। बस संचालकों पर मप्र मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। इनसे डेढ़ लाख रुपए की वसूली की गई। इंदौर को बाल श्रमिक मुक्त और भिक्षुक मुक्त बनाने के




लिए चल रही कार्रवाई के दौरान श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो कैफे से 14 से 17 वर्ष के बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। सहायक श्रमायुक्त इंदौर ने बताया कि, बाल श्रम एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत बुधवार को श्रम निरीक्षक श्रेया झा, महिला बाल विकास विभाग के आशीष गोस्वामी ने राजीव गांधी चौराहा स्थित साईंराम प्लाजा पर जय पिता राजकुमार कपूर के ओटीटी कैफे और सौम्या पति आशीष जोशी के हरमन कैफे से किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया गया।

# प्रस्तावित संशोधन विधेयक के विरोध में वकीलों ने रखी हड़ताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिला कोर्ट बार एसोसिएशन के वकीलों ने शुक्रवार को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की। वकीलों की यह हड़ताल प्रस्तावित वकील संशोधन विधेयक 2025 में किए जाने वाले परिवर्तनों के विरोध में की गई। इंदौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल बिरथरे ने बताया कि विधेयक में प्रस्तावित संशोधन वकीलों के हितों को नुकसान पहुंचाएंगे।**

इस विधेयक में अधिवक्ताओं को अदालतों के कामकाज का बहिष्कार करने या उससे दूर रहने से रोकने का प्रावधान किया गया है। इस हड़ताल का आयोजन जिला बार एसोसिएशन की समन्वय समिति ने किया, जो केंद्रीय कानून मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का विरोध कर रही है। वकीलों का कहना है कि इस विधेयक के माध्यम से उनके संवैधानिक अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। इस बिल के प्रस्तावित संशोधनों में वकीलों की स्वतंत्रता और संगठन के अधिकारों को कम करने की कोशिश की जा रही है। अधिवक्ताओं का मानना है कि इस एक्ट



में किए जाने वाले संशोधन उनके अधिकारों को दबाने का एक प्रयास हैं। इस विरोध में न केवल इंदौर बल्कि पूरे भारत के वकील एकजुट हो गए हैं। इस विधेयक में सबसे विवादास्पद धारा 35A है, जिसके तहत यह कहा गया है कि कोई भी अधिवक्ता संघ या उसका कोई सदस्य, व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से, अदालत के कार्य का बहिष्कार करने या उससे दूर रहने का आह्वान नहीं कर सकता। साथ ही, अदालत के कामकाज में बाधा डालने या अदालत परिसर में कोई अवरोध उत्पन्न करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रावधान के तहत वकीलों की हड़ताल और बहिष्कार को पूरी तरह प्रतिबंधित किया जा रहा है, जबकि यह पारंपरिक रूप से उनकी मांगों को उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। इंदौर के वकीलों ने इस विधेयक का कड़ा विरोध किया है। इस प्रस्तावित बिल के खिलाफ विरोध जताते हुए वकीलों ने कहा कि यह बार की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करता है। वकीलों का कहना है कि यदि केंद्र सरकार इस विधेयक को लेकर उनके संगठनों से संवाद नहीं करती है और उन्हें विश्वास में नहीं लेती है, तो यह आंदोलन और तेज हो सकता है।

## चोरी का माल जब्त...सुनारों को आरोपी नहीं बनाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी पुलिस ने भी चोरी के मामले में 2 आरोपियों को पकड़ा है। गुरुवार को सिपाही सराफा से माल जब्त करने पहुंचे थे। लेकिन इस मामले में सुनारों को आरोपी नहीं बनाया गया।

टीआई राहुल सिंह राजपूत की टीम ने चोरी के एक मामले में अजय शुक्ला निवासी डागर नगर बाणगंगा और संतोष कोरी निवासी गुरू शंकर नगर को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 3 लाख 85 हजार का माल जब्त हुआ है। आरोपियों ने सूर्यदेव नगर में 2 और आस्था पैलेस व न्यू द्वारकापुरी में चोरी की वारदातें की थी। आरोपी पहले भी चोरी के मामले में पकड़ाए हैं। अजय घूमने-फिरने का शौकीन है। चोरी के बाद वह प्रयागराज चले गया था। वहीं, संतोष नशे का आदी है। जानकारी के मुताबिक सराफा बाजार के सुनार के यहां आरोपियों ने माल बेचा था। सिपाहियों ने वहां से माल जब्त किया। इस मामले में चोरी का माल खरीदने के मामले में व्यापारी को आरोपी नहीं बनाया है।

## व्यापारी को पार्टनर संग कर रहे थे ब्लैकमेल

### हिंदूवादी नेता पर मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जूनी इंदौर पुलिस ने हार्डवेयर व्यापारी की शिकायत पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुमित हार्डिया और उसके साथी सावन आसनानी के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली का मामला दर्ज किया है। व्यापारी को लगातार धमकाने और वसूली के कारण उसने आत्महत्या का प्रयास भी किया था।**



डीसीपी ऋषिकेश मीना के आदेश पर व्यापारी मुकेश हासेजा की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने व्यापारी से कहा कि अगर उसे अपने प्लॉट पर मकान बनाना है तो उन्हें पैसे देने होंगे। पैसे न देने पर काम रुकवाने और जान से मारने की धमकी दी गई। मुकेश हासेजा और उनके भाई किशोर हासेजा का माणिकबाग में एक संयुक्त प्लॉट है, जहां वे ठेकेदार विशाल गोगवानी से निर्माण करवा रहे थे। वहीं, सुमित और सावन का पास में कंसल्टेंसी ऑफिस है। आरोप है कि पिछले तीन महीने से दोनों आरोपी बिना किसी कानूनी आदेश के निर्माण कार्य रुकवा रहे थे। मुकेश ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी 2024 को सुमित और सावन ने उन्हें अपने ऑफिस बुलाकर कहा कि अगर मकान बनाना है तो उनकी बात माननी होगी। उन्होंने जबरन अपने ठेकेदार को काम में शामिल करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर दोनों भाइयों को धमकी दी और तीन लाख पचास हजार रुपए अलग-अलग किश्तों में वसूले। इतना ही नहीं, आरोपियों ने बिल्डिंग में बनने वाले पेंटहाउस को भी हड़पने की कोशिश की और जबरन कागजात उनके नाम करने को कहा। इसके लिए लगातार धमकियां दी गईं और मजदूरों को भगा दिया गया, जिससे तीन महीने से निर्माण कार्य बंद पड़ा है। लगातार मिल रही धमकियों के कारण किशोर हासेजा ने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया। डर के कारण पीड़ितों ने प्लॉट पर जाना तक बंद कर दिया। राजनैतिक रसूख के चलते वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से भी डर रहे थे। लेकिन बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत सौंपे, जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को नामजद किया और जल्द गिरफ्तारी की बात कही है। सुमित हार्डिया के खिलाफ पहले भी स्काई लाइन रिसोर्ट के संचालक ने अवैध वसूली की शिकायत दर्ज कराई थी। उस मामले में भी सुमित ने धमकियां दी थीं और तोड़फोड़ की थी। हालांकि, राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते मामला दबा दिया गया था।

## फाइनेंसकर्मी युवती से रेप, लिवइन में रखकर दिया धोखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने दोस्ती कर लिवइन में रखा। इसके बाद ज्यादती करते रहा। आरोपी ने शादी का झांसा दिया। लेकिन शादी नहीं की।**

भंवरकुआ पुलिस ने बताया कि फायनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती की शिकायत पर पुलिस ने अंकित यादव निवासी छनेरा खंडवा के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक दोनों की 2 साल से दोस्ती है। 14 मई 2023 से पीड़िता और अंकित इंदौर में लिवइन में रह रहे थे। इस दौरान अंकित ने पीड़िता से शादी करने की बात कही। झूठ बोलकर उसने कई बार रेप किया। दिसंबर में वह दीदी के घर थी। तब 30 दिसबंर की रात 10 बजे अंकित वहां मिलने पहुंचा। वहां उसने पीड़िता का मोबाइल मांगा और फोन से सारे फोटो, वीडियो और चैट डिलीट कर दी। शादी नहीं करने और दोबारा कॉल नहीं करने की धमकी दी। बाद में अंकित ने पीड़िता को सोशल मीडिया और कॉल पर भी ब्लॉक कर दिया। जिसके बाद छात्रा ने थाने में आकर केस दर्ज कराया।

### स्टूडेंट को किया परेशान

भंवरकुआ में एक अन्य मामले में पीएससी की छात्रा को परेशान कर ब्लैकमेल करने के मामले में केस दर्ज किया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह स्कूल टाइम में साथ में पढाई करते थे। बाद में आगे की पढ़ाई को लेकर छात्रा ने बात बंद की और इंदौर आ गई। दोनों के बीच कभी-कभी बात हुआ करती थी। लेकिन आरोपी रोजाना छात्रा को बात करने के नाम पर परेशान करने लगा। 18 फरवरी को वह कांच मंदिर के पास मिला और बात करने की कोशिश की। इसके बाद गुरुवार रात को वह रूम पर आया और भाई व दोस्तों के साथ मारपीट की। जिसके बाद छात्रा ने थाने में आकर केस दर्ज कराया।

## डॉक्टर के घर से लाखों की नकदी और जेवर चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक डॉक्टर के यहां लाखों की चोरी हो गई। तुकोगंज पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। डॉक्टर ने अपने यहां काम करने वाली एक महिला कर्मचारी सहित 3 लोगों पर शंका जाहिर की है।**

तुकोगंज पुलिस के मुताबिक अहिल्या माता कॉलोनी निवासी डॉक्टर विजय शाह की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया है। 2 सितंबर 2024 को लॉकर में ज्वेलरी और रुपए रखे थे। गुरुवार को पुनः लॉकर देखा तो उसमें नकदी और ज्वेलरी नहीं मिली। इस दौरान एक निजी एजेंसी के माध्यम से राजू कीर नाम के एक व्यक्ति को बतौर नौकर रखा था। वह सितंबर से फरवरी के बीच काम पर रहा। इसके अलावा रोहित, प्रवीणा सुभाष और मुकेश को भी काम पर रखा था। पुलिस को इस मामले में विजय शाह ने अपने नौकरों पर शंका जाहिर की है। इसके बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। चुराए गए आभूषणों की कीमत काफी ज्यादा बताई गई है।

## बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार इंदौर को बाल श्रमिक मुक्त और भिक्षुक मुक्त बनाने के लिये लगातार कार्य किये जा रहे हैं। इसी सिलसिले में श्रम विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त कार्यवाही में दो संस्थानों (कैफे) से 14 से 17 वर्ष के बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। सहायक श्रमायुक्त इंदौर ने बताया कि बाल श्रम एवं किशोर श्रम अधिनियम अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर गत बुधवार को श्रम निरीक्षक श्रीमती श्रेया झा, महिला बाल विकास विभाग के श्री आशीष गोस्वामी और विशेष पुलिस इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुए राजीव गांधी चौराहा स्थित साईराम प्लाजा पर नियोजक श्री जय पिता राजकुमार कपूर के ओटीटी कैफे और नियोजक श्रीमती सौम्या पति श्री आशीष जोशी के हरमन कैफे से किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया गया।

## मशीन में फंसने से महिला मजदूर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परमल फैक्ट्री में काम के दौरान एक महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला सामान उठाने गई थी, तभी उसके सिर पर बंधा कपड़ा मशीन के पट्टे में फंस गया, जिससे वह उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

घटना धार रोड स्थित गिरधारीलाल एंड संस फैक्ट्री की है, जहां परमल बनाने का काम होता है। मृतक महिला की पहचान राजकुमारी पति धन्ना के रूप में हुई है। फैक्ट्री मालिक के भाई संजय के अनुसार, राजकुमारी दैनिक वेतनभोगी मजदूर थी और घटना के वक्त मशीन के पास से सामान उठा रही थी। तभी उसका गमछा मशीन के पट्टे में फंस गया। तुरंत मशीन बंद कर दी गई, लेकिन तब तक वह बुरी तरह उलझ चुकी थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में मर्ग कायम कर लिया है और आज फैक्ट्री जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच करेगी। लापरवाही की आशंका को देखते हुए पुलिस ने कहा है कि विस्तृत जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। राजकुमारी मूल रूप से मेघनगर की रहने वाली थी और फैक्ट्री के पास किराये के मकान में रहती थी। हादसे के वक्त उसका पति भी वहीं था, जो उसी फैक्ट्री में काम करता है। दंपती के तीन बच्चे हैं।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप उपलब्ध कराने से प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

◆ प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए सिंगल क्लिक से जारी किए 224 करोड़ रूपए

◆ राज्य सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर से कमजोर तबके का है अधिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि परिवार परंपरा में मां द्वारा अपने बच्चों को पुष्पित, पोषित करने में प्राप्त आनंद का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से जो आनंद प्राप्त हो रहा है, वह वर्णनातीत है, यह जीवन भर याद रहने वाली अनुभूति है। जैसे परिवार में सदस्यों का सभी संसाधनों पर अधिकार होता है, उसी प्रकार राज्य सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर से कमजोर तबके का अधिकार है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप लेने के लिए 224 करोड़ की राशि अंतरित करने के लिए प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिंगल क्लिक से विद्यार्थियों के खातों में राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रूपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार, अपनी इच्छानुसार स्थान से लैपटॉप लें और





लैपटॉप खरीदने की रसीद अपनी शाला में आवश्यक रूप से जमा कराएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पौध भेंट कर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा अपने उद्बोधन के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल के प्रभारी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्री रवीन्द्र यती सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में विद्यमान गुरुकुल परंपरा जातियों और वर्ग भेद से मुक्त थी। सभी को समान रूप से सभी व्यवस्थाओं के लिए अधिकार देकर और प्रतिभाओं को निखार कर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता था। इसी की निरंतरता में आज प्रदान किया जा रहे लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन तकनीक का उपयोग करते हुए ज्ञानार्जन और कौशल विकास में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों में आगे बढ़ने के और नवाचार करने के लिए आत्मविश्वास विकसित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते हुए कहा कि यह सब उनकी सोच के परिणाम स्वरुप ही संभव हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इसराइल का उदाहरण देते हुए कहा कि अपने आसपास विद्यमान चुनौतियों का सामना करने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में अद्यतन तकनीक के साथ चलना आवश्यक है। अपने देश के हितों की सुरक्षा और जन-जन के कल्याण के लिए तकनीकी रूप से दक्ष होना जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस क्रम में नरसिंहपुर की कुमारी गीता लोधी, भोपाल के श्री प्रशांत राजपूत, मुरैना की कुमारी स्नेहा त्यागी, राजगढ़ के श्री जयंत यादव, दमोह हटा की कुमारी मोनिका साहू, सिवनी की कुमार एलिहा नाज, राजगढ़ की कुमारी ज्योति प्रजापति, भोपाल के श्री पुष्पेन्द्र राजपूत से संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ विद्यार्थियों ने समूह चित्र भी लिए।

## लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कड़ी जांच

◆ लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई, 8 अधिकारियों पर कार्रवाई, 4 फर्म ब्लैकलिस्टेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इससे तहत हर माह की 5 और 20 तारीख को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा।

मंत्री श्री सिंह के निर्देशानुसार हाल ही में लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंता के सात दलों द्वारा सात जिलो में किया गया जिसमें कुल 35 कार्यों को रेण्डम आधार पर चयनित किया गयाहन 35 कार्यों में से 14 कार्य पी.डब्ल्यू. डी. सड़क/ पुल, 12 कार्य पी.आई.यू., 6 कार्य म.प्र. सड़क विकास निगम, 01 कार्य म.प्र. भवन विकास निगम एवं 02 कार्य पी.डब्ल्यू.डी. (एन. एच.) का शामिल किया गया। एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं की टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के बाद प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, श्री भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निरीक्षण किए गए सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया। बैठक में प्रमुख अभियंता (बी.एण्ड आर), उपसचिव म.प्र. शासन, लोनिवि, समस्त मुख्य अभियंता एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत बनवारी से तरौनकला सिमारा डापका मार्ग निरीक्षण में पाई गई कमियों के कारण श्री संजय रायकवार कार्यपालन यंत्री नर्मदापुरम को कारण बताओं सूचना पत्र एवं श्री आर.पी. शर्मा अनुविभागीय अधिकारी व श्री कैलाश गुरदे उपयंत्री को निलंबित तथा ठेकेदार मेसर्स बिंदल डेवलपर्स को कालीसूची में दर्ज करने हेतु मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। कटनी-बरही-इंदवार-ताला मार्ग परफार्मेस गांरटी के अंतर्गत ठेकेदार के द्वारा सम्पूर्ण मरम्मत कार्य नहीं करने के कारण श्री स्वर्णकार संभागीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम शहडोल को एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने तथा ठेकेदार मेसर्स टी.बी.सी.एल को कालीसूची में दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। झाबुआ शासकीय महाविघालय पेटलावद में 6 अतिरिक्त अध्ययन कक्ष निर्माण कार्य में अनियमितता पर श्री अलसिंह भिडे कार्यपालन यंत्री (भवन) को कारण बताओं सूचना पत्र जारी एवं ठेकेदार मेसर्स वीनस कंस्ट्रक्शन राजगढ जिला धार को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिये गये। छतरपुर जिले में 250 सीटर कन्या छात्रावास के निर्माण कार्य में पाई गई अनियमिताओं के कारण श्री के.एस. परस्ते कार्यपालन यंत्री (भवन) छतरपुर को कारण बताओं सूचना पत्र एवं श्री एस.के. पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी व श्री एम.पी. भटनागर उपयंत्री को निलंबित तथा ठेकेदार मेसर्स आर.के. कंस्ट्रक्शन छतरपुर को कालीसूची में दर्ज किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## ऑर्केस्ट्रा डांसर से जंगल में गैंगरेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** सिंगरौली में ऑर्केस्ट्रा डांसर के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। 22 साल की युवती एक कार्यक्रम में डांस करने के बाद साथी के साथ लौट रही थी। रास्ते में बाइक सवार छह बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। साथी के साथ मारपीट की। युवती को जंगल में घसीटकर ले गए। आरोपी कार्यक्रम में मौजूद थे, वे डांस कर रही लड़कियों पर कमेंट कर रहे थे। इसके बाद पीछा करने लगे। रजमिलान चौराहे के पास चार बाइक पर सवार 8 से 10 बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया। दोस्त ने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की। युवती को जबरन बाइक से उतारकर अपने साथ सखौहां शिव मंदिर के पास जंगल में ले गए। वहां छह लोगों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने युवती का फोन भी छीन लिया। घटना बुधवार देर रात की है। पीड़िता के साथी का आरोप है कि पुलिस ने जंगल में युवती को तलाश करने के बजाय उसे थाने में बिठाए रखा और मारपीट की। वहीं, आरोपों को लेकर पुलिस कुछ भी नहीं कह रही है। गुरुवार को पीड़िता माड़ा पुलिस थाने पहुंची। रात करीब 10 बजे केस दर्ज किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

वीएचपी के राष्ट्रीय महामंत्री बोले-

## हर हिन्दू परिवार में दो तीन बच्चे होने ही चाहिए




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल पहुंचे विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि, हिन्दुओं की घटती जन्मदर चिंता का विषय है। समाज को इन चुनौतियों पर विचार करना चाहिए। शुक्रवार को उन्होंने विश्व संवाद केन्द्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान परांडे ने कहा कि, हर हिन्दू परिवार में दो-तीन बच्चे होने ही चाहिए। इसको लेकर वीएचपी पूरे देश में जनजागरण करेगी। मिलिंद परांडे ने कहा- विश्व हिन्दू परिषद की अभी एक अखिल भारतीय बैठक प्रयागराज महाकुंभ में हुई थी। देश भर के 1100 कार्यकर्ता सभी प्रांतों सेन आए थे। उसके पहले विभिन्न पंथ, संप्रदाय के साधु, संत, धर्माचार्य इस कार्यक्रम में जुटे थे। संतों की बैठकों में ये चर्चा हुई है। पूरे देश में वीएचपी द्वारा हितचिंतक अभियान चलाया जा रहा है, जिसे सदस्यता अभियान भी कहा जाता है। पिछले अभियान में देशभर से 72 लाख लोग वीएचपी से जुड़कर हितचिंतक बने थे। इस बार हमारा लक्ष्य पूरे देश में एक करोड़ हितचिंतक बनाने का है। देश के बाहर लगभग 30 देशो में वीएचपी का काम फैल चुका है। हिन्दू समाज के सामने कुछ चुनौतियां हैं। इसपर विचार हुआ। जैसे जनसंख्या में असंतुलन निर्माण हो रहा है। समाज को इन चुनौतियों पर विचार करना चाहिए। इसको लेकर वीएचपी पूरे देश में प्रयास करेगी।

## संपादकीय

### ब्याज दरों में कटौती के अलावा भी कई कदम उठा सकता है आरबीआई

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आने वाले महीनों में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। विकसित देशों के केंद्रीय बैंक महंगाई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, लेकिन रिजर्व बैंक की प्राथमिकता फिलहाल विकास को बढ़ावा देना है। अलग ब्याज दरों में फिर से कटौती होती है तो इससे होम लोन, कार लोन आदि और सस्ते हो जाएंगे। साथ ही ईएमआई का बोझ भी कम होगा। रिजर्व बैंक का मानना है कि महंगाई दर जल्द ही सरकार की ओर से तय सीमा के अंदर आ जाएगी। इसके लिए वह ब्याज दरों में कटौती के अलावा भी कई कदम उठा सकता है। ये बात मौद्रिक नीति समिति (MPC) की हालिया बैठक के विवरण से पता चलती है। यह बैठक शुक्रवार को हुई। बता दें कि इस महीने 5 से 7 फरवरी तक एमपीसी की बैठक हुई थी। रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को मीटिंग में लिए गए फैसलों की घोषणा की थी। उस समय केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी। यह अब 0.25% कम होकर 6.25% हो गया है। 5 साल में यह पहली बार था जब ब्याज दरों में कमी की गई। अब इसका असर दिखने लगा है। एसबीआई और पीएनबी समेत कई बैंक ब्याज दरें घटा चुके हैं और लोगों को सस्ता लोन मिल रहा है। MPC ने यह भी संकेत दिया कि वैश्विक व्यापार चुनौतियों का महंगाई पर बहुत कम असर पड़ेगा। साथ ही, ऊंची वास्तविक ब्याज दरें कर्ज की लागत को और कम करने का मौका देती हैं। वास्तविक ब्याज दर का मतलब है, ब्याज दर और महंगाई दर के बीच का अंतर। अगर ब्याज दर ज्यादा है और महंगाई कम है तो वास्तविक ब्याज दर ऊंची होती है। MPC के वे बाहरी सदस्य जो पिछली दो बैठकों में ब्याज दरों में कटौती के पक्ष में थे, उनका मानना है कि मौजूदा मौद्रिक नीति बहुत सख्त है। कर्ज वृद्धि दर में गिरावट को देखते हुए खपत और निवेश को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कमी करना जरूरी है। यानी रिजर्व बैंक आने वाले दिनों में ब्याज दरों में और कमी कर सकता है। रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी पहली MPC की बैठक में ब्याज दरों में कटौती का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात और महंगाई दर को देखते हुए यह ब्याज दरों में कमी करने का सही समय है। उनका मानना है कि कम ब्याज दरों से खेती-बाड़ी का विकास होगा, लोगों का खर्च बढ़ेगा, घरों में निवेश होगा और कंपनियां भी पूंजी निवेश करेंगी। इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# सियार और जादुई ढोल



एक समय की बात है, जब एक जंगल के पास दो राजाओं के बीच युद्ध हुआ। उस युद्ध में एक की जीत और दूसरे की हार हुई। युद्ध खत्म होने के एक दिन बाद तेज आंधी चली, जिस कारण युद्ध के दौरान बजाया जाने वाला ढोल लुड़क कर जंगल में चला जाता है और एक पेड़ के पास जाकर अटक जाता है। जब भी तेज हवा चलती और पेड़ की टहनी ढोल पर पड़ती, तो ढमाढम-ढमाढम की आवाज आने लगती थी।

उसी जंगल में एक सियार खाने की तलाश में इधर-उधर भटक रहा था और अचानक उसकी नजर गाजर खा रहे खरगोश पर पड़ती है। सियार उसे शिकार बनाने के लिए सावधानी से आगे बढ़ता है। जब वह खरगोश पर झपटा मारता है, तो खरगोश उसके मुंह में गाजर को फंसाकर भाग जाता है। किसी तरह से सियार गाजर को मुंह से बाहर निकालकर आगे बढ़ता है, तो उसे ढोल की तेज आवाज सुनाई देती है। वह ढोल की आवाज सुनकर घबरा जाता है और सोचने लगता है कि उसने पहले कभी किसी जानवर की ऐसी आवाज नहीं सुनी। जहां से ढोल की आवाज आ रही थी, सियार उस ओर जाता है और यह जानने की कोशिश करता है कि जानवर उड़ने वाला है या चलने वाला।


फिर वह ढोल के पास जाता है और उस पर हमला करने के लिए कूदता है, तो ढम की आवाज आती है, जिसे सुनकर सियार छलांग लगा कर उतर जाता है और पेड़ के पीछे छुपकर देखने लगता है। कुछ मिनट बाद किसी तरह की प्रतिक्रिया न होने पर वह फिर से ढोल पर हमला करता है और फिर से ढम की आवाज आती है और वह फिर से ढोल से कूदकर भागने लगता है, लेकिन इस बार वह वहीं पर रुककर मुड़कर देखता है। ढोल में किसी भी तरह की हलचल न होने पर वह समझ जाता है कि यह कोई जानवर नहीं है।

फिर वह ढोल पर कूद-कूद कर ढोल को बजाने लगता है। इससे ढोल हिलने लगता है और लुड़कने भी लगता है, जिससे सियार ढोल से गिर जाता है और ढोल बीच में से फट जाता है। ढोल के फटने पर उसमें से विभिन्न तरह के स्वादिष्ट भोजन निकलते हैं, जिसे खाकर सियार अपनी भूख को शांत करता है।

#### कहानी से सीख:

सियार और ढोल के कहानी से यह सीख मिलती है कि हर किसी चीज का एक निर्धारित समय होता है। जो हमें चाहिए होता है, वो हमें तय समय पर मिल ही जाता है।

## रंग भरो



Punjab

# न स्टाफ न बैठक, पंजाब में 20 महीने से चल रहा था 'भूतिया' विभाग, अब हटाए गए मंत्री

**पंजाब।** पंजाब सरकार को पूरे 20 महीने लग गए यह समझने में कि उसके एक कद्दावर मंत्री जिस विभाग का चार्ज संभाले बैठे थे, वह असल में था ही नहीं। मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल को प्रशासनिक सुधार विभाग सौंपा गया था, लेकिन अब सरकार ने आधिकारिक तौर पर मान लिया है कि ऐसा कोई विभाग अस्तित्व में ही नहीं था।

सरकार की ताजा अधिसूचना के मुताबिक, अब धालीवाल सिर्फ एनआरआई मामलों के मंत्रालय का प्रभार संभालेंगे। ऐसी स्थिति वाकई हैरान करने वाली है कि है कि आखिर 20 महीनों तक मंत्री साहब किस



विभाग के नाम पर फैसले लेते रहे?

गवर्नर द्वारा जारी नए आदेश में बताया गया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की सिफारिश पर 7 फरवरी 2025 से धालीवाल का मंत्रालय बदला गया है। इससे पहले उन्हें कृषि और किसान कल्याण विभाग भी मिला था, लेकिन मई 2023 के कैबिनेट फेरबदल में उनसे यह जिम्मेदारी ले ली गई थी। तब उन्हें एनआरआई मामलों के साथ प्रशासनिक सुधार विभाग दिया गया था, जो अब फाइलों में भी नहीं मिल रहा।

दी ट्रिब्यून की रिपोर्ट की मानें तो इस विभाग के नाम पर कोई स्टाफ तैनात नहीं था, ना ही कभी कोई बैठक हुई। यानी धालीवाल बिना किसी वास्तविक विभाग के ही 20 महीनों तक इसका चार्ज संभाले बैठे रहे।

New Delhi

## महाकुंभ में स्नान करती महिलाओं के VIDEO बनाकर डार्क वेब पर बेचा, पुलिस ने 2 को धर दबोचा



**नई दिल्ली।** गुजरात पुलिस ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले में स्नान कर रही महिलाओं का वीडियो बनाने और उन्हें डार्क वेब पर बेचने के आरोप में सांगली जिले के शिराला से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम प्राज पाटिल है। प्राज पाटिल के साथ लातूर से प्रज्वल तेली और प्रयागराज से चंद्रप्रकाश फूलचंद को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच में पता चला है कि लातूर जिले का प्रणव तेली नामक आरोपी इस मामले में विदेशी हैकरों के संपर्क में था। उन्हें रोमानिया और अटलांटा के हैकरों के साथ मिलकर मॉल्स हॉस्पिटल प्रयागराज का वीडियो बनाते और उन्हें डार्क वेब पर भेजते हुए पाया गया। लातूर के इस आरोपी के साथ ही महाराष्ट्र के सांगली जिले के एक युवक की भूमिका भी सामने आई है। सभी आरोपी टेलीग्राम पर अलग-अलग अकाउंट बनाकर और कुछ टेलीग्राम अकाउंट में 2,000 रुपये से 4,000 रुपये में सदस्यता प्राप्त करके इन वीडियो के लिए पैसे कमाते थे। प्रयागराज में कुंभ मेले में स्नान कर रही महिलाओं के अर्धनग्न वीडियो विदेशी हैकरों द्वारा बनाकर डार्क वेब पर पोस्ट कर दिए गए। इसके अलावा आरोपियों ने गुजरात और महाराष्ट्र के अस्पताल मॉल में महिलाओं के वीडियो बनाकर पोस्ट किए थे। इसके अलावा उन्होंने गुजरात और महाराष्ट्र के अस्पताल मॉल में महिलाओं के वीडियो बनाकर पोस्ट किए। लातूर से पैसों के लेन-देन का लिंक मिला है।

Karnataka

## बेंगलुरु में महिला के साथ दरिंदगी, होटल की छत पर 4 लोगों ने किया गैंगरेप

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु के कोरमंगला इलाके में चार लोगों ने एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. बताया जाता है कि शुक्रवार आरोपियों ने महिला को पुरानी जान-पहचान का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया. इसके बाद महिला को एक होटल में बुलाया फिर छत पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया. इसके बाद उसे वहां से भगा दिया. कोरमंगला पुलिस ने पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड से अजीत, विश्वास और शिवू के रूप में पहचाने गए तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है. जबकि एक अभी भी फरार है. आरोपी एचएसआर लेआउट के एक होटल में काम करते हैं. पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है. साथ ही मामले में सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया है. पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) सारा फातिमा ने कहा कि पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 7.30-8 बजे सूचना मिली. इस जघन्य कृत्य में चार आरोपी शामिल हैं. पीड़िता की मेडिकल जांच और अन्य प्रक्रियाएं भी पूरी कर ली गई हैं. घटना शुक्रवार सुबह हुई. जांच के दौरान हमें और जानकारी मिलेगी. प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि वह किसी दोस्त से मिलने गई थी. पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि महिला अच्छे परिवार से ताल्लुक रखती है और दिल्ली की है. फिलहाल वह बेंगलुरु में रह रही है.

Tamil Nadu

## तमिलनाडु में गैंगरेप के आरोपी ने 3 अधिकारियों को किया चाकू से घायल पुलिस ने पैर में मारी गोली

**कृष्णागिरी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में एक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों में से एक ने शुक्रवार को गिरफ्तारी से बचने के लिए दो पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोलियां चलायी, जो 23 वर्षीय आरोपी के पैर में लगी। पुलिस ने बताया कि चार सदस्यीय गिरोह ने बुधवार शाम लड़की और उसके रिश्तेदार को घेर लिया और उसे जबरन एक सुनसान जगह पर ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने उनसे सोने के गहने, मोबाइल फोन और 7,000 रुपये नकद भी लूट लिए।

पीड़िता की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने विस्तृत जांच की और अपराधियों की पहचान अभिषेक (21), कलैयारासन (22), नारायणन (22) तथा सुरेश (23) के रूप में की। अभिषेक और कलैयारासन को गुरुवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि नारायणन और सुरेश का पता नहीं चल पाया था।

इस बीच, नारायणन और सुरेश के पोनमलाईकुट्टई जंगल क्षेत्र में छिपे होने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम आज वहां गयी और इलाके में उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस को देखकर, दोनों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान, सुरेश ने चाकू निकाला और भागने के प्रयास में दो पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया, जिससे पुलिस को आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी।

खेल

# मुंबई इंडियंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर चौथी जीत, अमनजोत ने मचाया धमाल

बेंगलुरु। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। अब टीम के खाते में चार अंक हैं और नेट रनरेट +0.610 हो गया है। वहीं, आरसीबी तीन मैचों में दो जीत के साथ के साथ शीर्ष पर है। शुक्रवार को बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.5 ओवर में छह विकेट पर 170 रन बनाए और एक गेंद के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह मुंबई इंडियंस की दूसरी जीत है जबकि आरसीबी को पहली शिकस्त मिली है।

### मुंबई की आरसीबी पर चौथी जीत

दिलचस्प बात यह है कि



मुंबई इंडियंस ने अब तक इस टूर्नामेंट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ छह में से चार मुकाबलों में जीत दर्ज की है। वहीं, गत विजेता आरसीबी के खिलाफ मुंबई ने सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल कर लिया है।

### हरमनप्रीत और अमनजोत ने पलटा पासा

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत धीमी हुई थी। किम गार्थ ने दूसरे ही ओवर में यास्तिका भाटिया को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। वह सिर्फ आठ रन बना सकीं। इसके बाद हेली मैथ्यूज को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं नैट सिवर ब्रंट का साथ मिला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 27 गेंदों में 57 रनों की साझेदारी हुई, जिसे राघवी बिष्ट ने तोड़ा। भारतीय गेंदबाज ने मैथ्यूज को अपना शिकार बनाया, वह 15 रन बनाकर लौटीं। आरसीबी के खिलाफ इस जीत की हीरो हरमनप्रीत कौर और अमनजोत कौर रहीं। दोनों ने 49 गेंदों में 62 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई और जीत सुनिश्चित की। इस दौरान मुंबई की कप्तान ने 50 और अमनजोत कौर ने 34* रन बनाए। वहीं, जी कमालिनी 11 रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी के लिए जॉर्जिया वेयरहैम ने तीन, किम गार्थ ने दो और एकता बिष्ट ने एक विकेट चटकाया।

### आरसीबी की खराब शुरुआत

अपने घर में खेलने उतरी गत विजेता टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। उन्हें पहला झटका स्मृति मंधाना के रूप में 29 रन के स्कोर पर लगा। शबनम इस्माइल ने उन्हें अपना शिकार बनाया। इसके बाद नैट सिवर ब्रंटर ने डैनी व्यॉट हॉज को पवेलियन भेजा, जो नौ रन बना सकीं।

सिनेमा

# कोरियोग्राफर फराह खान के खिलाफ हुई पुलिस कंप्लेंट, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप



कोरियोग्राफर फराह खान काफी सुर्खियों में रहती हैं. पर इस बार वो मुश्किल में फंस गई हैं. दरअसल, हुआ यूं कि फराह खान कुकिंग रियलिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' को जज करती नजर आ रही हैं. इसके एक एपिसोड में फराह ने होली के त्योहार को लेकर एक कॉमेंट कर दिया था. सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा हुई थी. लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस भी पहुंची थी. अब फराह खान को लेकर पुलिस में कंप्लेंट की गई है. फराह खान पर क्रिमिनल कंप्लेंट फाइल हुई है. ये हिंदुस्तानी भाऊ (विकाह फटक) ने की है. वकील अली काशिफ खान देशमुख का कहना है कि फराह खान ने लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है. होली के त्योहार पर हिंदू को 'छपरी' कहकर उन्होंने सही नहीं किया है. ऐसे में मुंबई स्थित खार पुलिस स्टेशन में फराह खान के खिलाफ पुलिस कंप्लेंट दर्ज कराई गई है. बता दें कि फराह खान ने 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में होली के त्योहार को लेकर कॉमेंट किया था. उन्होंने कहा था, 'सारे छपरी लोगों का फेवरेट त्योहार होली होता है'. ये बात यूजर्स को पसंद नहीं आई. ऐसे में यूजर्स ने फराह खान की आलोचना करना और उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया.

## Highlights

1. **Indira Gandhi assassin's nephew jailed for 22 yrs in New Zealand**
2. **Unacceptable: India on Erdogan's Kashmir remarks, lodges protest**
3. **Pics show Raj MLAs spending night in Assembly after 'Dadi' row**
4. **Indian-origin Ruby Dhalla disqualified from Canada PM race**
5. **Punjab minister Kuldeep Dhaliwal headed department which didn't exist for 20 months**

# Akash Ambani, Shloka Mehta react as paps say 'favourite couple' while attending Aadar Jain, Alekha Advani's wedding

**NEW DEIHI, (Agency).** Akash Ambani and Shloka Mehta attended the star-studded wedding of Aadar Jain and Alekha Advani. While entering the venue, they posed for paparazzi, and a sweet moment from then has taken over social media. It shows the Ambani couple's reaction to being called "favourite" by the paps.

The video captures the couple entering the venue and posing for the paparazzi. As they stand in front of the camera, an individual screams, "Favourite couple."

Hearing this, Shloka Mehta breaks into giggles, and Akash Ambani addresses the paparazzi with a smile. He jokingly says that the paps call everyone "favourite couple."

Who wore what?

Shloka Mehta wore a gorgeous lemon yellow lehenga with a blouse



featuring heavy silver embellishment work. She also wore a matching cropped cape. The Ambani bahu completed her look with a long, multiple-layer emerald green necklace and matching jhumkas.

Akash Ambani wore a navy-blue suit with a closed neckline. He teamed it with formal, matching navy-blue trousers.

Aadar Jain and Alekha Advani wedding:

Aadar Jain, grandson of the late Raj Kapoor, married Alekha Advani in a Hindu ceremony at a grand affair in Mumbai. Earlier, the couple had also exchanged vows in a private Christian wedding in Goa.

For their wedding in Mumbai, Advani wore a traditional red lehenga with intricate gold embroidery. She accessorized with bridal jewellery, including an elaborate necklace and matching earrings. She completed her outfit with red bangles. The groom complemented his bride's look with an ivory sherwani. He had a matching safa and wore an emerald green necklace.

# Hooters prepares for potential bankruptcy amid closure of stores

**NEW DEIHI, (Agency).** Hooters of America, which is a chain of restaurants and cafes, is reportedly heading towards bankruptcy and for this purpose, it is working with creditors to develop a plan to restructure its business.

The restaurant, famous for its staff members wearing tight-fitting sporty uniforms, is preparing to file for bankruptcy through the concerned court in the coming months, Bloomberg reported.

As part of its financial strategy, Hooters is




collaborating with the law firm Ropes & Gray to prepare for a filing. According to the publication, the court process is expected to begin within the next two months.

The plans to file for bankruptcy, which are still in development, however, are not yet final, and the company has not made any official statements regarding the matter.

Hooters is reportedly in conversation with turnaround consultants from boutique firm Accordion Partners as well to address its ongoing financial challenges.

Some of Hooters' debtholders have enlisted the services of Houlihan Lokey Inc. for advice on the situation.

### Why is Hooters facing bankruptcy?

According to Bloomberg, Hooters has been facing financial struggles due to a significant decrease in customer traffic to its stores, which has also led to the closure of some of its locations.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

WHO AM I?
I AM THE DETECTIVE !
Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक